**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**07.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे**

## राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का जवाबदेही के साथ इस्तेमाल करने पर जोर दिया है ताकि शब्दों की पवित्रता और शक्ति बनी रहे। राज्यपाल ने आज दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि संकाय द्वारा भारत में द्वेषपूर्ण भाषण और चुनाव राजनीति विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि शब्दों का बहुत गहरा प्रभाव होता है। उन्होंने कहा कि शब्दों से मित्रता व शत्रुता दोनों ही हो सकती है, इसलिए इनका इस्तेमाल विनम्रता और गरिमा के साथ किया जाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि एक **सभ्य** समाज में हमारे वार्तालाप में शालीनता और सम्मान झलकना चाहिए। उन्होंने द्वेषपूर्ण भाषा की बढ़ती प्रवृति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के कुछ प्रतिनिधियों व वर्गों के बीच सार्वजनिक संवाद का गिर रहा स्तर निराशाजनक है। राज्यपाल ने शिक्षकों से युवा पीढ़ी को भाषा के जिम्मेदाराना इस्तेमाल के प्रति संवेदनशील बनाने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का युवाओं के मन पर गहरा प्रभाव पड़ता है।

## सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस का संगठन इसी महीने बना दिया जाएगा। सुक्खू ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि संगठन के विस्तार की तैयारियां पूरी कर ली गई है और इसी महीने के अंत तक इसकी घोषणा भी कर दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पर हुए हमले की निंदा की और कहा कि ये घटना दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में समय से पहले सर्दियों की शुरूआत को जलवायु परिवर्तन का नतीजा करार दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में मौसम में आसामान्य बदलावों के संकेत स्पष्ट दिख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने ये भी कहा कि प्रदेश में अब सब कुछ सामान्य हैं और पर्यटक अब यहां घूमने आ सकते हैं।

## जीएसटी सुधार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव 22 सितंबर से शुरू हुआ यह समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने वाले जीएसटी सुधारों पर एक रिपोर्ट –

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार पर एफआईआर दर्ज करने की सनक सवार हो गई है। जयराम ठाकुर ने आज मंडी में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि सुक्खू सरकार की नाकामी के खिलाफ जहां से भी कोई आवाज उठती है वहां सीधे मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य की जनता को परेशान करने की नीति पर चल रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने दाड़लाघाट में कॉलेज की छात्राओं पर एफआईआर दर्ज करने की निंदा की। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इन छात्राओं को घंटों धूप में बैठाया गया और जब खाना नहीं मिलने पर इन्होंने विरोध जताया तो उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया, ताकि सरकार की नाकामी को छुपाया जा सके। उन्होंने सरकार के इस कदम को तानाशाही करार दिया। जयराम ठाकुर ने सरकार का टूल बनकर काम कर रहे अधिकारियों को भी अपने विवेक से काम करने की सलाह दी।

—————————————